

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : सोमवार 21 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


## ट्रेडिंग के कर्ज से परेशान परिवार में तीन की मौत



### बेटे ने भी जान देने की कोशिश की

( खबर आस पास )
**अजमेर।** अजमेर के गढ़ी मालियान क्षेत्र में शनिवार देर रात एक फर्नीचर व्यवसायी ने पत्नी और बेटी के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना में तीनों की मौत हो गई, जबकि व्यवसायी के बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पड़ोसियों के अनुसार, परिवार बेटे पर बताए जा रहे भारी कर्ज को लेकर परेशान था। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

#### रिश्तेदार को फोन के बाद पड़ोसी घर पहुंचे

सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार के अनुसार, व्यवसायी अशोक शर्मा (59) ने रात करीब आठ बजे फुलेरा निवासी अपने भांजे निर्मल को फोन किया था। फोन उनकी पत्नी ने उठाया। अशोक ने बातचीत के दौरान कहा कि अब बात नहीं होगी और फोन काट दिया। पत्नी ने निर्मल को इसकी जानकारी दी। इसके बाद निर्मल ने अशोक के पड़ोसी को फोन कर तत्काल घर जाने के लिए कहा।

## रूस का दावा- शनिवार से अब तक 1600 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए

# रूस में चुनाव के आखिरी दिन सैकड़ों ड्रोन से हमला, मॉस्को में 2 की मौत

### ऑयल रिफाइनरी को भी नुकसान; , मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे करीब 450

( खबर आस पास )
**मॉस्को।** रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन रविवार को मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए गए। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। मृतकों में 44 वर्षीय महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति शामिल हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि राजधानी की एक बड़ी ऑयल रिफाइनरी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, रिफाइनरी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



#### 21 मंजिला इमारत से टकराया ड्रोन

रूसी अधिकारियों के अनुसार, शनिवार से अब तक 1600 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए हैं। इनमें करीब 450 ड्रोन मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे। एक ड्रोन 21 मंजिला अपार्टमेंट से टकरा गया, जिससे इमारत में आग लग गई। करीब 400 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें 70 बच्चे शामिल थे। हमलों के बाद राजधानी के कई इलाकों में धुएं का गुबार नजर आया।

#### यूक्रेन युद्ध के बाद पहला संसदीय चुनाव

रूस में शुक्रवार से संसदीय चुनाव के लिए मतदान चल रहा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले के बाद यह पहला संसदीय चुनाव है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के लिए जनता के समर्थन की परीक्षा के तौर पर पेश किया है। शुरुआती चुनाव परिणाम भारतीय समयानुसार रविवार रात करीब 11:30 बजे से आने की उम्मीद है, जबकि अंतिम नतीजे सोमवार तक सामने आ सकते हैं।

#### चुनाव में दखल का यूक्रेन पर आरोप

रूसी अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया में यूक्रेन के हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को की ऑनलाइन वोटिंग प्रणाली पर साइबर हमला हुआ। हालांकि, इसके पीछे यूक्रेन का हाथ होने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुतिन ने रूस के नियंत्रण वाले जपोरिज्जिया इलाके में एक चुनाव अधिकारी के घर पर हुए हमले का भी जिक्र किया और यूक्रेन पर चुनाव में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने अधिकारी एलेना अस्तानिना की मौत की बात कही, लेकिन इस दावे की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

#### युद्ध विरोधी उम्मीदवारों को लेकर सवाल

रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले ज्यादातर लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं मिली। याब्लोको पार्टी के कुछ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि युद्ध के खिलाफ बोलने पर सरकारी कार्रवाई का डर बना हुआ है। रूस में सेना के खिलाफ बोलने या सरकार की नजर में झूठी खबर फैलाने पर जेल की सजा हो सकती है।

#### पुतिन के लिए अहम माना जा रहा चुनाव

रूस की सत्तारूढ़ यूनाइटेड रशिया पार्टी के संसद में अपना दबदबा बनाए रखने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव का असर विपक्षी दलों को मिलने वाले वोटों पर पड़ सकता है। पुतिन ने चुनाव से पहले राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा था कि जनता का वोट यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के समर्थन को प्रदर्शित करेगा।

## एमपी में उफनते नाले में कार बही, 8 मौतें

### छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 4 की जान गई; केदारनाथ पैदल मार्ग पर लैंडस्लाइड, यात्रा रुकी



( खबर आस पास )



**नई दिल्ली।** देश में मानसून अब वापसी की ओर बढ़ रहा है, लेकिन कई राज्यों में बारिश से जुड़े हादसे जारी हैं। मध्य प्रदेश के आगर-मालवा जिले में शनिवार को तेज बारिश के बाद उफनते नाले में एक कार बह गई। हादसे में ओडिशा के एक ही परिवार के 7 सदस्यों सहित 8 की मौत हो गई। सभी लोग उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर जा रहे थे। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शनिवार को अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसों में 3 अन्य लोग घायल हुए हैं। राज्य में आज भी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव और बीजापुर जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के पास लगातार लैंडस्लाइड हो रही है। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने के कारण प्रशासन ने सुबह 9 बजे तक यात्रा रोक दी थी। इस दौरान यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया। सुबह 9 बजे के बाद यात्रा दोबारा शुरू हुई। इधर दो दिन की देरी से मानसून राजस्थान से विदा होने लगा है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि पश्चिमी राजस्थान से मानसून की सामान्य विदाई तारीख 17 सितंबर है, लेकिन इस बार 19 सितंबर विदाई शुरू हुई। अगले 3-4 दिनों में पंजाब और सौराष्ट्र-कच्छ के कुछ हिस्सों से भी मानसून विदा हो जाएगा। मानसून की वापसी का मतलब इन इलाकों में बारिश की गतिविधियों में धीरे-धीरे कम हो जाएंगी।

## मुंबई में 75 फीट नीचे गिरी तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू, 3 युवकों की मौत

### चारों की उम्र 17 से 23 साल के बीच; मरीन ड्राइव से हाजी अली जा रहे थे

### डिवाइडर से टकराने के बाद फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार

( खबर आस पास )
**मुंबई।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह करीब 5:20 बजे तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू फ्लाईओवर से करीब 75 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चारों की उम्र 17 से 23 साल के बीच बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ। बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार में चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया। बीएमडब्ल्यू पहले डिवाइडर से टकराई और इसके बाद फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कार फ्लाईओवर से नीचे गिरती दिखाई दे रही है।



#### तीन की मौत, एक का इलाज जारी

मृतकों की पहचान शनाय गज्जल (21), आदित्य जकसानिया (19) और धैर्य सेठ (17) के रूप में हुई है। घायल युवक आदित्य ओसवाल (23) है। हादसे के बाद चारों को नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। आदित्य का इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, चारों छात्र थे। शनाय, आदित्य और धैर्य प्रबंधन महाविद्यालय में पढ़ते थे। शनाय अहमदाबाद का रहने वाला था और मुंबई में पीजी में रह रहा था।

## अमेरिका ने मध्य-पूर्व में दूतावासों को किया सतर्क, ट्रंप छुट्टी खत्म होने से पहले व्हाइट हाउस लौटे

### अमेरिकी नागरिकों को 9 देशों में सावधानी बरतने की सलाह

### ब्रिटेन के हवाई अड्डे से अमेरिकी बमवर्षक विमान रवाना होने का दावा, ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए रखीं 7 शर्तें




( खबर आस पास )
**वॉशिंगटन/तेहरान।** मध्य-पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिका ने क्षेत्र में मौजूद अपने दूतावासों और नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने और क्षेत्र की ताजा परिस्थितियों पर नजर रखने को कहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैंप डेविड का अपना दौरा तय समय से एक दिन पहले समाप्त कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस वापसी की। हालांकि, उनकी अचानक वापसी की वजह व्हाइट हाउस की ओर से नहीं बताई गई है। रूस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी बी-1बी लांसर बमवर्षक विमान ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड हवाई अड्डे से उड़ान भरकर मध्य-पूर्व की ओर रवाना हुआ। ईरान के प्रेस टीवी ने भी उत्तर-पूर्वी सीरिया के अल-हसकाह में खाराब अल-जिर हवाई अड्डे के पास हवाई रक्षा गतिविधियां बढ़ने की जानकारी दी है।

#### 9 देशों में अमेरिकी नागरिकों को सावधानी

अमेरिका ने इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अमेरिका ने कहा कि मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष तेजी से बढ़ सकता है। इन देशों की यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों को भी सावधानी बरतने और उड़ानों तथा हवाई अड्डों से जुड़ी ताजा जानकारी लेते रहने को कहा गया है।

#### ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए रखीं 7 शर्तें

ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका के सामने सात शर्तें रखी हैं। ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई ने अल जजीरा से कहा कि कतर ने मध्यस्थ के तौर पर ईरान की शर्तें अमेरिका तक पहुंचा दी हैं। अब ईरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहा है।

## बैंकॉक-दिल्ली उड़ान में यात्री की तबीयत बिगड़ी, लखनऊ में हुई आपात लैंडिंग

**( खबर आस पास ), लखनऊ।** बैंकॉक से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान में एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार देर रात लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान को एटीसी से अनुमति मिलने के बाद प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया। यात्री को तत्काल एंबुलेंस से गोमती नगर स्थित निजी अस्पताल भेजा गया।

#### हवा में बिगड़ी तबीयत

इंडिगो का विमान 6ई-1054 रात करीब 8:15 बजे बैंकॉक से दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। इसे रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचना था। उड़ान के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। चालक दल के सदस्य ने इसकी जानकारी पायलट को दी। उस समय विमान लखनऊ वायुसेना क्षेत्र में था। स्थिति को देखते हुए पायलट ने लखनऊ एटीसी से संपर्क किया और यात्री की मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देते हुए प्राथमिकता के आधार पर विमान उतारने की अनुमति मांगी।

## सांवलियाजी को चढ़ाया 1.2 किलो चांदी का सीमेंट संयंत्र मॉडल

### कारोबार में सफलता की मन्नत पूरी होने पर व्यापारी ने परिवार संग 40 किलोमीटर पैदल पहुंचकर भेंट किया मॉडल



( खबर आस पास )
**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर में निम्बाहेड़ा के व्यापारी धर्मराज बंजारा ने 1 किलो 200 ग्राम चांदी से बना जेके सीमेंट संयंत्र का मॉडल भगवान सांवलिया सेठ को भेंट किया। धर्मराज ने कारोबार में सफलता की मन्नत पूरी होने पर यह भेंट चढ़ाई। राजस्थान सर्राफा संघ के प्रदेश महामंत्री किशन पिछोलिया के अनुसार, मॉडल की कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। धर्मराज की फर्म वेदांश एंटरप्राइजेज वर्ष 2017 से जेके सीमेंट कंपनी में ठेके लेती है। उन्होंने बताया कि कारोबार में सफलता मिलने पर उन्होंने अपने व्यवसाय से जुड़ी कोई विशेष भेंट भगवान को अर्पित करने का संकल्प लिया था। इसी के तहत सीमेंट संयंत्र की प्रतिकृति तैयार कराई गई।

#### 40 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे मंदिर

धर्मराज शुक्रवार देर रात परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ निम्बाहेड़ा से पैदल रवाना हुए। करीब 40 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर शनिवार सुबह 11 बजे सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे। यात्रा के दौरान भक्ति गीत बजते रहे और श्रद्धालु भगवान सांवलिया सेठ के जयकारे लगाते रहे। परिवार के सदस्यों ने रास्ते में भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। धर्मराज ने बताया कि कारोबार में आगे बढ़ने में मेहनत के साथ भगवान सांवलिया सेठ का आशीर्वाद भी मानते हैं। वे बचपन से माता-पिता के साथ मंदिर आते रहे हैं। उनका कहना है कि आज भी कोई नया काम शुरू करने या बड़ा फैसला लेने से पहले वे सांवलिया सेठ के दर्शन करते हैं।

## एलावेनिल वलारिवन ने इंडिविजुअल और टीम इवेंट में जीते रजत

# एशियन गेम्स के पहले दिन भारत को 2 सिल्वर, दोनों शूटिंग में आए

### मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सुचिका तरियाल ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक किया पक्का

**( खबर आस पास ). नई दिल्ली।** 20वें एशियन गेम्स के पहले दिन भारत ने दो रजत पदक जीतकर खाता खोला। दोनों पदक 10 मीटर राइफल शूटिंग में आए। एलावेनिल वलारिवन ने इंडिविजुअल इवेंट में 252.4 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वे स्वर्ण से महज 0.6 अंक पीछे रहीं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने 1898.0 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। टीम में एलावेनिल वलारिवन, सोनम मस्कर और विदारसा विनोद शामिल थीं। इस तरह एलावेनिल ने पहले ही दिन दो रजत पदक अपने नाम किए।



#### सुचिका ने पदक किया पक्का

मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की ट्रेडिशनल कैटेगरी के 60 किलोग्राम वर्ग में भारत की सुचिका तरियाल ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की अल्तनचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराया।

#### चीन शीर्ष पर, भारत 10वें स्थान पर

मेडल टैली में चीन 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदकों के साथ पहले स्थान पर है। मेजबान जापान 6 स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत दो रजत पदकों के साथ 10वें स्थान पर है।

#### तैराकी में ऋषभ छठे स्थान पर

भारत के ऋषभ दास 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में छठे स्थान पर रहे। चीन के जियायु शू ने स्वर्ण, जापान के हिदेकाजु ताकेहारा ने रजत और दक्षिण कोरिया के जुहो ली ने कांस्य पदक जीता।

## कार में मिले 28,110 रुपए, एसीबी ने दर्ज किया आय से अधिक संपत्ति का मामला

**( खबर आस पास ), जयपुर।** राजसमंद परिवहन विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश किलोलिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। एसीबी की टीम ने श्रीनाथजी-उदयपुर नेगड़िया टोल-वे पर उनकी कार की तलाशी लेकर 28,110 रुपए नकद बरामद किए थे। बरामद राशि के संबंध में संतोषजनक हिसाब नहीं मिलने और बैंक खाते में संबंधित अवधि में लेन-देन नहीं पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। एसीबी को सूचना मिली थी कि किलोलिया अवैध रूप से रकम लेकर राजसमंद से उदयपुर स्थित अपने घर जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के नेतृत्व में टीम ने उनकी कार रुकवाकर तलाशी ली।

## 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम पर सियासी घमासान

# भाजपा ने लगाया पीएम मोदी की मां के अपमान का आरोप

### राहुल गांधी के कार्यक्रम में कॉमेडियन पुलकित मणि ने की पीएम मोदी की नकल

### रिजिजू और जोशी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, जयराम रमेश बोले- छात्रों के मुद्दे उठाना जारी रहेगा

( खबर आस पास )



**इंदौर।** राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां का अपमान किया गया। वहीं कांग्रेस ने इसे छात्रों की समस्याओं और शिक्षा-रोजगार से जुड़े मुद्दों को उठाने वाला संवाद कार्यक्रम बताया।

#### भाजपा ने जताई आपत्ति

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस पार्टी कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। जोशी ने आरोप लगाया कि छात्र संवाद के मंच का इस्तेमाल प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और उनका अपमान करने के लिए किया गया।

#### कांग्रेस ने कहा- छात्रों के सवाल उठाना जरूरी

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा और आरएसएस पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने और भ्रष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों के साथ खड़े हैं और इसी वजह से सरकार से सवाल पूछ रहे हैं तथा जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

#### हॉस्टल और रोजगार के मुद्दे भी उठे

राहुल गांधी ने कार्यक्रम के बाद एक्स पर इंदौर की एक छात्रा के सवाल का जिक्र करते हुए हॉस्टल की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गांवों से शहर पढ़ने आने वाली छात्राओं को हॉस्टल नहीं मिलने पर पीजी में रहना पड़ता है। किराए और सुरक्षित आवास का खर्च अधिक होने से कई छात्राएं पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। कार्यक्रम के पांचवें संस्करण में शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, आरक्षण, हॉस्टल और रोजगार से जुड़े मुद्दे उठाए गए। छात्रों ने ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया के कारण रुकी नियुक्तियों, एमपीपीएससी में कथित गड़बड़ियों और शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का मुद्दा भी उठाया।

# अब भारतीय वायुसेना की नजर तेजस एमके-2 और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए पर नजर

**( खबर आस पास ), जोधपुर**

वैश्विक सप्लाई चेन की अड़चन अब स्वदेशी तेजस की डिलीवरी की रफ्तार पर भारी पड़ रही है। भारत-जापान वायुसेना के बीच जोधपुर एयरबेस पर चल रहे युद्धाभ्यास 'वीर गार्जियन-2026' में शामिल होने आए वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में स्वीकार किया कि सप्लाई चेन की दिक्कतों के कारण तेजस की कुछ डिलीवरी प्रभावित हुई हैं। हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह रुकावट भारतीय रक्षा विमानन क्षेत्र की रफ्तार को थाम नहीं रही। रिसर्च एंड डेवलपमेंट से लेकर उत्पादन तक क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब तेजस एमके-2 तथा पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) अगली बड़ी क्षमता के रूप




में सामने हैं। तेजस एमके-1ए के लिए 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर का ऑर्डर है। वायुसेना पहले से तेजस की दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन संचालित कर रही है। ऐसे में एमके-1ए की डिलीवरी में देरी का असर आने वाले वर्षों में लड़ाकू विमानों की संख्या बढ़ाने की योजना पर भी पड़ सकता है। वायुसेना प्रमुख का बयान इसलिए अहम है क्योंकि तेजस की अगली पीढ़ी एमके-2 और पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए की दिशा में बढ़ते कदमों के बीच मौजूदा एमके-1-ए की डिलीवरी अभी सप्लाई और वैलिडेशन की कई कड़ियों पर निर्भर है।

### इंजन से लेकर रडार-सॉफ्टवेयर तक अड़चन

अमरीकी कम्पनी जनरल इलेक्ट्रिकल के एफ-404 इंजन की आपूर्ति में देरी तेजस कार्यक्रम की प्रमुख अड़चनों में रही है। इसके साथ ही ईएल/एम-2052 एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और भारतीय हथियार प्रणालियों के बीच सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन और वैलिडेशन में भी समय लग रहा है। अस्त्र एमके-1 के एक परीक्षण में समस्या के बाद दोबारा परीक्षण किया गया। अन्य बीवीआर और स्टैंड-ऑफ हथियारों का वैलिडेशन भी प्रक्रिया में बताया गया है।

### 83 विमानों का अनुबंध

सरकार ने 2021 में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 83 तेजस विमानों का ऑर्डर दिया था। इसमें 73 एमके-1-ए लड़ाकू विमान और 10 एमके-1 ट्रेनर शामिल हैं। अनुबंध की कुल कीमत करीब 48 हजार करोड़ रुपए थी।

### तेजस की दो स्क्वाड्रन पहले से ऑपरेशनल

भारतीय वायुसेना में तेजस की 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन पूरी तरह ऑपरेशनल है जो नलिया और सलूर में है। तेजस एमके-1 ए की डिलीवरी इसके बाद की क्षमता बढ़ाने से जुड़ी है।

## हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल 23 साल पुराने फर्जी पट्टे मामले में गिरफ्तार



**( खबर आस पास ), जयपुर।** हनुमानगढ़ के निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल को सीआईडी-सीबी और पुलिस की विशेष अपराध शाखा की टीम ने शनिवार देर रात बीकानेर से गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ वर्ष 2003 में फर्जी पट्टे जारी करने के मामले में प्रकरण दर्ज है। पूछताछ के बाद रविवार सुबह उन्हें गिरफ्तार कर हनुमानगढ़ के पक्लू थाने ले जाया गया। विधायक की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब हनुमानगढ़ नगर परिषद के सभापति पद का चुनाव होना है। गणेशराज बंसल के गुट के 34 निर्दलीय पार्षद चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, गणेशराज बंसल को बीकानेर से हनुमानगढ़ जाते समय शनिवार देर रात हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के बाद रविवार सुबह उन्हें गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई 23 साल पुराने फर्जी पट्टे जारी करने से जुड़े आपराधिक मामलों के सिलसिले में की गई है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और सीआईडी-सीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपाल ने मामले में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। आईजी ने बताया कि कार्रवाई सीआईडी-सीबी की ओर से की गई है। वहीं, सीआईडी-सीबी के अधिकारी ने कहा कि जल्द ही मामले में जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों की ओर से गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि को लेकर स्पष्ट बयान नहीं दिया गया। विधायक गणेशराज बंसल की गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद उनके समर्थकों में आक्रोश देखने को मिला। रविवार को हनुमानगढ़ में समर्थकों ने भारत माता चौक पर प्रदर्शन किया। हनुमानगढ़ नगर परिषद के 60 वार्डों के चुनाव परिणामों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 10 सीटें मिली हैं। वहीं, विधायक गणेशराज बंसल के गुट के 34 निर्दलीय पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। इसके अलावा माकपा का एक प्रत्याशी भी विजयी हुआ है। सभापति चुनाव से पहले विधायक की गिरफ्तारी को इसी राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है।

## विकसित भारत जन सेवा अभियान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया शिविरों का निरीक्षण

**बीकानेर।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के सेवा सेतु अभियान के तहत पंचायत समिति मुख्यालय पर रविवार को भी शिविर आयोजित हुए। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे ने खाजूवाला और बज्जू में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर से संबंधित सभी 22 विभागों के स्टॉल्स का अवलोकन किया और सभी विभागों के अधिकारियों को राज्य सरकार के निर्देश और मंशा के अनुसार पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय शिविरों में ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित अधिक से अधिक स्वीकृतियां जारी की जाएं तथा विभिन्न योजनाओं के पात्रजनों को लाभ प्रदान किया जाए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि जिला कलेक्टर श्री निशान्त जैन द्वारा शिविरों से संबंधित प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है, अतः इन्हें पूर्ण गंभीरता से लिया जाए तथा अंतिम प्रकरण के निस्तारण तक अधिकारी शिविर में बने रहें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस दौरान बज्जू के खेल मैदान में प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी भी इनका नियमित निरीक्षण करें। वहीं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती ऋतुराज महला ने पांचू में आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी नियमित रूप से शिविरों में आए। यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ हो। उन्होंने कहा कि सभी 22 विभागों के कार्यों का निर्धारण किया गया है। यह सभी कार्य शिविरों के दौरान सुनिश्चित किया जाएं।

## नगरीय निकाय आम चुनाव : अध्यक्षीय पदों के लिए मतदान सोमवार को, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद होगी मतगणना

**बीकानेर।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगरीय निकायों के अध्यक्षीय पदों के लिए निर्वाचन सोमवार को होगा। इसके लिए मतदान का समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी। बीकानेर नगर निगम के महापौर पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया नगर निगम में होगी। वहीं जिले की अन्य छह नगर पालिकाओं के अध्यक्षीय पदों के लिए संबंधित नगर पालिका क्षेत्र में मतदान और मतगणना होगी।

## सीकर में कांग्रेस की बाड़ेबंदी में सर्च वारंट लेकर पहुंची पुलिस, परिजनों को पार्षद से मिलाया

**( खबर आस पास ), जयपुर।** राजस्थान के पांच नगर निगम सहित 273 नगरीय निकायों में सोमवार को महापौर, सभापति और अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा। इससे पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने पार्षदों की बाड़ेबंदी कर रखी है। इसी बीच सीकर के नेछवा थाना क्षेत्र में कांग्रेस पार्षदों की बाड़ेबंदी वाले होटल में रविवार को पुलिस सर्च वारंट लेकर पहुंची। पुलिस ने पार्षद के तीन परिजनों को अंदर ले जाकर उनसे मुलाकात कराई। मुलाकात के बाद परिजन संतुष्ट होकर लौट गए। लोसल नगर पालिका के वार्ड 26 से निर्वाचित पार्षद ओमप्रकाश शेषमा कांग्रेस के अन्य पार्षदों के साथ होटल में बाड़ेबंदी में हैं। परिजनों ने लोसल थाने में शिकायत दी थी कि उनसे पार्षद का संपर्क नहीं हो पा रहा है। इसके




बाद दांतारामगढ़ उपखंड मजिस्ट्रेट का सर्च वारंट लेकर धोद पुलिस उपाधीक्षक राजेश ढाका और लोसल थानाधिकारी संगीता मीणा होटल पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में परिजनों की पार्षद से मुलाकात कराई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे 25 से 30 गाड़ियों में भाजपा के करीब 150 से 200 लोग होटल के बाहर पहुंचे। इनमें लोसल नगर पालिका के वार्ड 26 से भाजपा प्रत्याशी रहे रामेश्वर भी शामिल थे। कांग्रेस का आरोप है कि ये लोग बाड़ेबंदी में मौजूद कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों को अपने साथ ले जाने के लिए पहुंचे थे। मामले की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को भी दी गई। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी पहुंची। होटल के बाहर काफी देर तक लोगों के जुटने और अंदर जाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी रही। राजसमंद की आमेट नगर पालिका में भाजपा पार्षदों की बाड़ेबंदी के दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ और उनकी पत्नी कृष्णा कंवर भी पहुंचे।

## पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती गर्भवती महिला की मौत

**( खबर आस पास ), जयपुर।** पेट दर्द की शिकायत पर निजी अस्पताल में भर्ती कराई गई 27 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत के बाद रविवार सुबह सिरसी रोड स्थित मेट्रोपॉलिटन अस्पताल के बाहर परिजनों और अन्य लोगों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। वैशाली नगर थानाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि खातीपुरा के चौधरी मार्केट निवासी सुमन देवी करीब एक महीने की गर्भवती थी। पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजनों ने शनिवार सुबह करीब आठ बजे उसे मेट्रोपॉलिटन अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान सुमन की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद शाम करीब चार बजे उसे दूसरे निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां हालत गंभीर होने पर उसे एसएमएस अस्पताल भेजा गया। जांच के बाद एसएमएस अस्पताल से सुमन को सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल में हालत बिगड़ने के बाद आनन-फानन में सुमन को छह यूनिट रक्त चढ़ाया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को 25 लाख रुपए मुआवजे के लिए आश्वस्त किया और सुमन के ससुर राजेश की शिकायत पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस की करीब दो घंटे की समझाइश के बाद दोपहर करीब 11 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ। सुमन का पति ओमप्रकाश ऑटोरिक्शा चलाता है। उसके डेढ़ और तीन वर्ष के दो बच्चे हैं। मामले में परिजनों के आरोप और अस्पताल प्रबंधन के पक्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

## सांवलियाजी को चढ़ाया 1.2 किलो चांदी का सीमेंट प्लांट मॉडल, 40 किमी पैदल चलकर पहुंचा व्यापारी

**( खबर आस पास ), चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में निम्बाहेड़ा निवासी व्यापारी धर्मराज बंजारा ने 1 किलो 200 ग्राम चांदी से बना जेके सीमेंट प्लांट का मॉडल भगवान सांवलिया सेठ को भेंट किया। उन्होंने कारोबार में सफलता की मन्नत पूरी होने पर यह भेंट चढ़ाई। राजस्थान सर्राफा संघ के प्रदेश महामंत्री किशन पिछोलिया के अनुसार मॉडल की कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। धर्मराज की फर्म वेदांश एंटरप्राइजेज वर्ष 2017 से जेके सीमेंट कंपनी में ठेके लेती है। उन्होंने बताया कि कारोबार से जुड़ी अपनी मन्नत पूरी होने पर ऐसी भेंट चढ़ाने का संकल्प लिया था। काफी विचार करने के बाद उन्होंने अपने कारोबार से जुड़ी जेके सीमेंट प्लांट की चांदी की प्रतिकृति बनवाने का निर्णय लिया। संकल्प पूरा करने के लिए धर्मराज शुक्रवार देर रात परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ निम्बाहेड़ा से पैदल रवाना हुए। करीब 40 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर वे शनिवार सुबह 11 बजे सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे। यात्रा के दौरान डीजे पर भक्ति गीत बजते रहे और श्रद्धालु सांवलिया सेठ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। रास्ते में



परिवार के सदस्यों ने भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। धर्मराज बंजारा ने बताया कि कारोबार में आगे बढ़ने के पीछे मेहनत के साथ भगवान सांवलिया सेठ का आशीर्वाद भी है। वह बचपन से ही माता-पिता के साथ मंदिर आते रहे हैं और तभी से सांवलिया सेठ को अपना आराध्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार शुरू होने और जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद उनकी आस्था में बदलाव नहीं आया। आज भी जब कोई नया काम शुरू करना होता है या कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो सबसे पहले सांवलिया सेठ के दर्शन करते हैं। उनका मानना है कि भगवान की कृपा से मुश्किल समय में भी रास्ता निकल आता है। धर्मराज के अनुसार, वह भगवान को केवल पूजते ही नहीं, बल्कि अपने कारोबार में उन्हें साझीदार के रूप में भी मानते हैं। उनका कहना है कि मेहनत इंसान करता है, लेकिन सफलता भगवान की कृपा से मिलती है। धर्मराज ने कहा कि चांदी के मॉडल की कीमत उनके लिए सबसे ज्यादा मायने नहीं रखती। उनके लिए इसका असली महत्व सांवलिया सेठ के प्रति वर्षों से कायम विश्वास है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भगवान से केवल धन नहीं मांगा, बल्कि सही रास्ता और काम में सफलता की प्रार्थना की है। उनके अनुसार, व्यापार में लाभ होने पर उसका एक हिस्सा भगवान के नाम करना चाहिए।

## आरपीएससी: हिंदी में 66 हजार और सामान्य ज्ञान में नहीं बैठे 67 हजार अभ्यर्थी

**( खबर आस पास ), अजमेर.** राजस्थान लोक सेवा आयोग की सब इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर पुनः भर्ती परीक्षा-2021 रविवार को हुई। हिंदी विषय में राज्य में पंजीकृत 2 लाख 18 हजार 114 में से 1 लाख 51 हजार 774 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। 66 हजार 340 परीक्षा से दूर रहे। कुल उपस्थिति 69.58 प्रतिशत रही। इसी तरह सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान के पेपर में 1 लाख 50 हजार 559 उपस्थित और 67 हजार 755 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थिति 69.03 प्रतिशत रही। सुबह 10 से 12 बजे तक सामान्य हिंदी और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान का पेपर हुआ। आरपीएससी के सदस्यों-मुख्य परीक्षा नियंत्रक सहित जिला कलक्टर, एसपी, उपखंड अधिकारियों और अन्य अफसरों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर थम्ब इंप्रेशन और फेस रिकॉगनीशन तकनीक से अभ्यर्थियों की जांच की गई। एचएचएमडी और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया गया। मेटा ग्लासेस एवं हाइटेक डिवाइस से निगरानी की गई।

## कक्कू के रामदेवजी खेजड़ी-धाम में आज से दो दिवसीय मेला



**बीकानेर।** ग्राम कक्कू स्थित रामदेवजी खेजड़ी धाम में सोमवार से दो दिवसीय मेला महोत्सव शुरू होगा। मेले के पहले दिन सोमवार रात को बाबा रामदेवजी का जागरण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशाल ज्योत, महाआरती और महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। जागरण में मंदिर के पुजारी भैरदास महाराज और कक्कू के स्थानीय कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। बाबा रामदेवजी के प्रति श्रद्धालुओं की विशेष आस्था को देखते हुए, मेले में कक्कू सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला आयोजन समिति के कार्यकारी सदस्य माननाथ सिद्ध ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पट्टों के पुराने मामले में विधायक गणेशराज गिरफ्तार, आज चुनाव पर नजर

### 23 साल पुराने दो मामलों में सीआइडीसीबी की कार्रवाई

**हनुमानगढ़।** करीब 23 साल पुराने फर्जी पट्टा प्रकरण से जुड़े दो मामलों में सीआइडीसीबी ने हनुमानगढ़ के निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल को गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच ने शनिवार रात उन्हें बीकानेर से हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद रविवार को गिरफ्तारी की गई। हालांकि स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। विधायक को रविवार को संगरिया न्यायालय में पेश किया जाना था, लेकिन शाम तक पेशी नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह पेशी या कानून-व्यवस्था के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी हो सकती है। विधायक की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने रविवार को टाउन के भारत माता चौक पर प्रदर्शन किया। सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 'जनादेश चोरी' का आरोप लगाया। इससे पहले शनिवार को प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में विधायक के पुत्र, पूर्व पार्षद समेत 25 से अधिक समर्थकों पर मामला दर्ज किया गया था।

### 2003 के पट्टों से जुड़े हैं मामले

दीप सोनी की रिपोर्ट पर 17 सितंबर को दर्ज दोनों मामलों में विधायक बंसल, उनकी पत्नी एवं तत्कालीन नगर परिषद सभापति संतोष बंसल, तत्कालीन ईओ भंवरलाल सोनी तथा भूखंड मालिक कृष्णा रानी और राज रानी चुघ को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि जंक्शन के सेक्टर-9एल में वर्ष 2003 में भूखंड संख्या 8 और 16 के पट्टे जारी किए गए। संबंधित जमीन राजस्व रिकॉर्ड में मंडी विकास समिति के नाम दर्ज थी और सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित थी। आरोप है कि रिकॉर्ड से मेल नहीं खाने वाले विवरण के आधार पर पट्टे जारी कर सरकारी भूमि को निजी बताकर अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

**विधायक के पास सभापति पद की चाबी:** 60 सदस्यीय नगर परिषद में गणेशराज गुट के 34 निर्दलीय पार्षद जीते हैं। विधायक समर्थित माकपा का एक पार्षद भी विजयी हुआ है। भाजपा के 15 और कांग्रेस के 10 पार्षद हैं। गणेशराज गुट ने मंजू रणवां को सभापति प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की ओर से वीनिता बतरा और कांग्रेस से सुशीला खीचड़ मैदान में हैं।

**चुनाव को लेकर बढ़ा तनाव:** माकपा और विधायक गुट ने रविवार को चेतावनी दी कि सोमवार के सभापति चुनाव में निर्वाचित पार्षदों को मतदान से रोकने या धांधली की कोशिश हुई तो कार्यकर्ता और समर्थक कलक्ट्रेट का घेराव करेंगे। चुनाव को देखते हुए जिला मुख्यालय पर एसटीएफ की टुकड़ी तैनात की गई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रतिनिधि भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। शनिवार को विधायक आवास पर लगे कैमरों की डीवीआर भी जब्त की गई थी।

## एनजीटी की सख्ती, बिना अनुमति नहीं निकाल सकेंगे पानी

**बीकानेर।** औद्योगिक क्षेत्रों में भूजल के अनधिकृत दोहन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सख्त रुख अपनाया है। बीकानेर निवासी ताहिर हुसैन की याचिका से जुड़े मामले में एनजीटी की सेंट्रल जोन पीठ ने रीको सहित औद्योगिक इकाइयों को केंद्रीय भूजल प्राधिकरण की अनुमति के बिना भूजल निकालने से रोकने के निर्देश दिए हैं। न्यायाधिकरण ने जिला कलेक्टरों को अवैध बोरवेल सील करने, बिजली कनेक्शन काटने और पर्यावरणीय क्षति की भरपाई के लिए कार्रवाई करने को कहा है। आदेश में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भूजल दोहन से संबंधित नियमों और पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## लाडनूं की धरा पर सात मुमुक्षु संयम के पथ पर अग्रसर

### 33वां विकास महोत्सवः आचार्य महाश्रमण ने प्रदान की साधु, साध्वी और समणी दीक्षा

**लाडनूं।** जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 33वें विकास महोत्सव पर रविवार को जैन विश्व भारती परिसर में आचार्य महाश्रमण ने सात मुमुक्षुओं को साधु, साध्वी और समणी दीक्षा प्रदान की। आचार्य महाश्रमण, युवाचार्य महावीर मुनि और चतुर्विध धर्मसंघ के सान्निध्य में मुमुक्षुओं ने सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम और आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया। कार्यक्रम में देशभर से श्रद्धालु शामिल हुए। विकास परिषद के संयोजक मांगीलाल सेठिया और सदस्य पदमचंद पटावरी ने बताया कि मुमुक्षु मिमांशा एवं छवि ने दीक्षार्थियों का परिचय दिया। पारमार्थिक शिक्षण संस्था के अध्यक्ष बजरंग जैन ने आज्ञा पत्र का वाचन किया।

**सात मुमुक्षुओं का नया नामकरणः** दीक्षा संस्कार में केशलोच के बाद बाबूलाल बाफना को मुनि हितकुमार, सुमन नाहटा को साध्वी सुपार्श्वप्रभा, सुमन बैद को साध्वी ओमप्रभा, अर्चना मेहता को साध्वी अर्चनाप्रभा, रुचिका मालू को साध्वी धर्मार्थप्रभा, कोमल भंसाली को साध्वी कोमलप्रभा और भावना नाहटा को समणी भक्तिप्रज्ञा नाम दिया गया।

### धर्म की साधना मंगलकारी

आचार्य महाश्रमण ने नवदीक्षितों को संयमयुक्त जीवन और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि धर्म की साधना मंगलकारी होती है। साथ ही वर्ष 2036 में आचार्य तुलसी के आचार्य पदारोहण की शताब्दी सम्पन्नता समारोह मनाने की घोषणा की। आचार्य महाप्रज्ञ की दीक्षा के 200 वर्ष पूर्ण होने पर भी दीक्षा शताब्दी सम्पन्नता समारोह मनाने की बात कही।